दिनांक 27/01/2026

नगर पालिक निगम भिलाई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 अधिकारी–कर्मचारी सम्मानित, 12 कर्मी हुए स्थायी और 3 को मिली पदोन्नति

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। मुख्य आयोजन निगम मुख्यालय में संपन्न हुआ, जहाँ महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने प्रातः 8 बजे संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा, महापौर परिषद सदस्य आदित्य सिंह, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, अपर आयुक्त राजेंद्र दोहरे, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, दिनेश कोसरिया, अधीक्षण अभियंता उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारियो ने गगनभेदी नारों के साथ 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' का उद्घोष किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मान और पदोन्नति का विशेष उत्साह रहा।

गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर निगम प्रशासन द्वारा उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया गया है। विभागीय एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 अधिकारी–कर्मचारियों तथा स्थानांतरित हुए 2 कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनुकंपा नियुक्ति (भर्ती नियम 2018) के तहत वर्ष 2022 में नियुक्त 12 कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधि पूर्ण होने पर शासन के नियमानुसार परीविक्षा अवधि समाप्ति पश्चात स्थायी किया गया। छानबीन समिति की अनुशंसा पर तीन कर्मचारियों को पदोन्नति का उपहार मिला। विरेन्द्र कुमार एवं राजेश कुमार जांगड़े को चतुर्थ श्रेणी से 'सहायक राजस्व निरीक्षक' पद पर पदोन्नत किया गया। रमेश कुर्रे 'सहायक ग्रेड–3' के ग्रेड–पे में पदोन्नत हुए।

शहर के विभिन्न स्थलों पर महापौर नीरज पाल ध्वजारोहण किये। जिसमें मुख्य रूप से निगम मुख्यालय में हुआ उसके पश्चात शहर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किए गए। निगम मुख्य कार्यालय पश्चात यूनियन कार्यालय में प्रातः महापौर नीरज पाल द्वारा झंडारोहण किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः नेहरू नगर चौक एवं लोकंगण में विशाल तिरंगा फहराया गया। इस रोमांचक पल के लिए विधायक एवं महापौर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नागरिकों को गणतंत्त दिवस की शुभकामनाएं दिए। विधायक देवेन्द्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में गौतम नगर एवं शहीद पार्क में विशाल तिरंगा फहराया गया। भिलाई नगर विधायक एवं महापौर सभी को बधाई दिए।